अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता हब

[स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स](#)

हाल ही में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने '**आशय पत्र**' पर हस्ताक्षर को मंजूरी प्रदान की है, **जिसकी तहत भारत 'अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता हब**' में शामिल हो सकेगा।

- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता हब (IEEH) एक वैश्विक मंच है जो विश्वभर में सहयोग को बढ़ावा और ऊर्जा दक्षता को प्रोत्साहन देने के लिये समर्पित है।
- यह हब सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और निजी क्षेत्र की संस्थाओं को ज्ञान, सर्वोत्तम पद्धतियों और नवोन्मेषी समाधानों को साझा करने के लिए एक साथ लाता है।
- इस हब में शामिल होने से भारत को **विशेषज्ञों और संसाधनों के एक विशाल नेटवर्क तक पहुँच प्राप्त होगी, जिससे वह अपनी घरेलू ऊर्जा दक्षता** पहलों को बढ़ाने में सक्षम हो सकेगा।
- **भारत की ओर से ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE)** को भारत की ओर से इस हब के लिये कार्यान्वयन एजेंसी के **रूप में वैधानिक एजेंसी** नामित किया गया है।
- **जुलाई, 2024** तक, इस हब में सोलह देश **(अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, डेनमार्क, यूरोपीय आयोग, फ्राँस, जर्मनी, जापान, कोरिया, लक्जमबर्ग, रूस, सऊदी अरब, अमेरिका और ब्रिटेन)** शामिल हो चुके हैं।
- **IEEH की स्थापना 2020** में **ऊर्जा दक्षता सहयोग के लिये अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी (IPEEC)** के उत्तराधिकारी के रूप में की गई थी, जिसमें भारत एक सदस्य था।

और पढ़ें: [ऊर्जा दक्षता ब्यूरो](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-energy-efficiency-hub